प्रेस नोट

23 मार्च 2020

उप मुख्यमंत्री ने कोरोना वायरस के आसन्न संकट को देखते हुए प्रदेश के समस्त बच्चों एवं अभिभावकों से कोरोना वायरस से बचाव हेतु की अपील

कोरोना महामारी पर नियंत्रण के लिए जनसहयोग बेहद जरूरी उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से जीतना सबसे आसान भी है और सबसे कठिन भी घर बैठ गये तो जीत गये और बाहर निकल गए तो हार गये शायद दुनिया के इतिहास में ये पहला ऐसा युद्ध होगा जिसे घर बैठकर जीता जा सकता है सरकार के निर्देशों का पालन करना हर प्रदेशवासी का कर्तव्य

घर पर रहकर केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जारी निर्देशों का पालन राष्ट्र सेवा से कम नहीं है

स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ नागरिक के उद्देश्य को हासिल करने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग अहम

: डा दिनेश शर्मा

कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में सरकार के साथ मिलकर काम करने का किया अनुरोध

उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कोरोना वायरस के आसन्न संकट को देखते हुए प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे बीमारी से बचाव के लिए सुरक्षा के सभी उपायो का कडाई से अनुपालन करें। उन्होंने कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार अपने स्तर से बीमारी से निपटने के लिए हर संभव उपाय कर रही है। इन उपायों को लागू करके कोरोना जैसी महामारी पर नियंत्रण के लिए जन सहयोग बेहद आवयश्क है।

उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा अपनी में कहा कि कोरोना से जीतना सबसे आसान भी है और सबसे कठिन भी, घर बैठ गये तो जीत गये और बाहर निकल गए तो हार गये। शायद दुनिया के इतिहास में ये पहला ऐसा युद्ध होगा जिसे घर बैठकर जीता जा सकता है।

डा शर्मा ने विशेष रूप से बच्चों और अभिभवकों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक रहने को कहा है। उनका कहना है कि संक्रमण के इस दौर में सरकार के निर्देशों का पालन करना हर प्रदेशवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचाव का उपाय सोशल डिस्टेंसिंग व हाथ को समय समय पर साबुन से धोना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन उपायों की शुरुवात जनता कर्फ्यू से की थी जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला था। इसके बाद प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ही राज्य सरकार ने आगे बढते हुए प्रदेश के कुछ जिलों में लॉकडाउन की घोषणा की है जिससे कि लोग अपने घरों में रहें व संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इस समय में घर पर रहकर केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जारी निर्देशों का पालन राष्ट्र सेवा से कम नहीं है। स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ नागरिक के उद्देश्य को हासिल करने के लिए यह सबसे अहम है। इसलिए लाक डाउन को पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सभी लोग अपने अपने घर के अंदर रहें और अपने आपको तथा अपने परिवार को बचाएं। इस अवधि में घर के बडे बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश के छात्र छात्राओं से

कहा यह समय राष्ट्र के प्रति बडी जिम्मेदारी निभाने का है इसलिए वे बडों को आदर सहित बार बार इस बीमारी से बचाव के बारे में याद दिलाएं व उनसे इनके अनुपालन का अनुरोध भी करें। उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया है कि निर्देशों, नियमों और कानूनों का पालन करें और इस महामारी के विरुद्ध लड़ाई में सरकार के साथ मिलकर काम करें। डॉ दिनेश शर्मा ने अभिभावकों एवं बच्चों से अपील की है कि वैश्विक महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रदेश को भी पूरा सहयोग देना है।

डॉ० शर्मा ने कहा है कि सभी लोग अपने घरों में रहे। उन्होंने अपील की है कि अनावश्यक रूप से बाहर व सार्वजनिक स्थलों पर ना निकले। उन्होंने बच्चों से अपील की है कि घर पर रहकर अपने.अपने पाठ्यक्रमों को पूरा करने के साथ ही रचनात्मकता के विकास के लिए कार्य करें। इस समय का सदुपयोग महापुरषों की जीवनी , राष्ट्रनिर्माण आदि से सम्बन्धित पुस्तकों को पढकर ज्ञान को बढाने में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग आपकी सेवा के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने छात्र.छात्राओं तथा उनके अभिभावकों तथा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि देश एवं प्रदेश की जनता के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए अपना सहयोग दें।

अभिषेक सिंह

सूचना अधिकारी

उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश

शर्मा